Title: Need to start mobile telephone service in the Nasik district of Maharashtra early.

श्री हरीभाऊ शंकर महाले (मालेगांव) : अध्यक्ष महोदय, भारत में माननीय राम विलास पासवान साहब ने दूर संचार विभाग से जल्दी से जल्दी मोबाइल सेवा शुरू की है। मेरा कहना है कि नासिक डिस्ट्रिक्ट बड़ा बाजार पैंठ है। वहां पर बड़ा मेला लगता है। इसके अलावा वह मिलिट्री एरिया है और वहां पर मिग विमान का कारखाना भी है। एशिया खंड में यह पहला बाजार पैंठ है। â€¦ (व्यवधान)

अध्यक्ष महोदय : श्री पासवान जी, यह आपके डिपार्टमैंट से संबंधित प्रश्न है। मोबाइल टेलीफोन सर्विस से संबंधित मैटर है।

श्री हरीभाऊ शंकर महाले : अध्यक्ष महोदय, मेरी आपके माध्यम से मंत्री जी से विनती है कि नासिक डिस्ट्रिक्ट में मोबाइल सेवा तुरंत शुरू की जाये।

अध्यक्ष महोदय : मैडम, आप हाउस में भी गड़बड़ कर रही हैं और मंत्री जी को भी डिस्टर्ब कर रही हैं। मंत्री जी आप इस पर कुछ रिस्पांस देना चाहेंगे?

संचार मंत्री (श्री राम विलास पासवान) : श्री महाले जी हमारे पुराने साथी हैं, नेता भी हैं। वे हमसे मिले थे। हमने उसी समय अपने अधिकारी को बुलाकर कह दिया था।

अध्यक्ष महोदय : आपको मैम्बर्स को जल्दी से जल्दी मोबाइल सेवा देनी है।

श्री राम विलास पासवान : आज पहले नम्बर पर हमारा प्रश्न था। दुर्भाग्य से दोनों दिन हमारा प्रश्न पहले नम्बर पर आया। लेकिन एक दिन हाउस एडजर्न हो गया और एक दिन मैम्बर नहीं आये। मैं इसके संबंध में डिटेल में बात करना चाहता था इसलिए मैं उसके लिए चिन्तित था।